# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 19.07.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया। महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की

**(2).** आज दिनाँक 19.07.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** आज दिनाँक 19.07.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

**(4).** आज दिनाँक 19.07.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन्स चित्रकूट में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड निरीक्षण के दौरान अधि0/कर्मचारीगण का टर्न आउट चैक किया गया तथा परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी गयी एवं आवश्यक सुधार हेतु प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को निर्देशित किया गया। इस दौरान परेड ग्राउण्ड में आरमोर्र शैलेन्द्र कुमार यादव द्वारा पिस्टल, एण्टी राइट गन, टीयर गैस गन की हैण्डलिंग के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से बताया गया तथा मौके पर उपस्थित पुलिस कर्मियों से खुलवाकर अभ्यास कराया गया।

तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवहन शाखा का भ्रमण कर थानों एवं पीआरवी वाहनों में रखे दंगा नियंत्रण उपकरणों को चेक किया गया, आवासीय परिसर में भ्रमण कर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया,मेस का भ्रमण कर भोजन की गुणवत्ता चेक कर साफ सफाई से भोजन बनवाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये, सीपीसी कैन्टीन में भ्रमण कर कर्मचारियों के आवश्यकता अनुसार समस्त सामग्री मंगवाने हेतु कैंटीन प्रभारी को बताया गया। तत्पश्चात पुलिस लाइन्स परिसर में निर्माणाधीन आवासीय भवन का निरीक्षक कर कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को निर्माण कार्य शीघ्र सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात आदेश-कक्ष में जाकर पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम किया गया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण, पीआरओ श्री प्रदीप पाल एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली कर्वी पुलिस टीम ने नाबालिक लड़की को लड़की को बहला फुलसलाकर भगा ले जाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि 23.06.2024 को वादी द्वारा थाना कोतवाली कर्वी में सूचना दी कि राजू उर्फ बलराम पुत्र रामभवन निवासी सभापुर तरांव थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट उनकी नाबालिक पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। इस सूचना पर थाना कोतवाली कर्वी में मु0अ0सं0 408/2024 धारा 363 भादवि0 बनाम राजू उर्फ बलराम उपरोक्त पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी द्वारा लड़की की बरामदगी एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु उ0नि0 श्री अनिल कुमार मिश्रा को निर्देशित किया गया। उ0नि0 श्री अनिल कुमार मिश्रा एवं उनकी टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुये दिनाँक 11.07.2024 को नाबालिक लड़की को बरामद किया गया तथा आज दिनाँक 19.07.2024 को उपरोक्त मुकदमें के वांछित अभियुक्त राजू उर्फ बलराम पुत्र रामभवन निवासी सभापुर तरांव थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया। पीड़िता के बयान एवं डाक्टरी परीक्षण के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 376 भादवि0 5/8 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी।

**गिरफ्तरी करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री अनिल कुमार मिश्रा थाना कोतवाली कर्वी

2.आरक्षी नीलेश कुमार